1/123930/2024

e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बन्दोबस्त पदाधिकारी
बांका / बेगूसराय / जमुई / जहानाबाद / कटिहार / खगड़िया
किशनगंज / लखीसराय / मधेपुरा / मुंगेर / नालंदा
पूर्णियाँ / सहरसा / शेखपुरा / शिवहर / सीतामढी
प्रभारी पदाधिकारी
पश्चिम चम्पारण / सुपौल / अररिया / अरवल

पटना, दिनांक :–

विषय :– दिनांक–12.04.2024 (शुक्रवार) को होनेवाली विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों की मासिक समीक्षात्मक बैठक के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि अपर मुख्य सचिव / सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग–सह–निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–12.04.2024 को पूर्वा0 11:00 बजे से भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के सभाकक्ष में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की जाएगी।

समीक्षात्मक बैठक का एजेंडावार कार्यक्रम निम्नवत् हैः–

क्र0	समय	विषय
01.	11.00 बजे पूर्वाह्न से 01:30 बजे अपराह्न तक।	• साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठकों में 2500 खेसरों तक वाले राजस्व ग्रामों में प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित ग्रामों को छोड़कर शेष राजस्व ग्रामों में खानापुरी, प्रपत्र–6 की प्रविष्टि, सुनवाई एवं लम्बित एल0पी0एम0 की समीक्षा। • 2500 से 5000 खेसरों वाले राजस्व ग्राम के प्रगति की समीक्षा। • मार्च, 2024 चतुर्थ सप्ताह तक प्रगति की समीक्षा। • प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशन / अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशन पूर्व के सुनवाई सम्बन्धी अभिलेखों को सॉफ्टवेयर में संधारित किए जाने सम्बन्धी समीक्षा। • मैप मॉड्यूल को अद्यतन किये जाने की समीक्षा। • वैसे विशेष सर्वेक्षण कर्मी जो तीन माह से अधिक अवधि से खानापुरी, प्रपत्र–6 की प्रविष्टि, सुनवाई और एल0पी0एम0 वितरण का कार्य कर रहे हैं, उनके विरूद्ध कार्रवाई की समीक्षा। • प्रारूप प्रकाशन के पश्चात् अंतिम रूप से प्रकाशित राजस्व ग्रामों एवं अंतिम प्रकाशन के विरूद्ध प्राप्त दावा आपत्ति की समीक्षा। • प्रपत्र–20 के उपरांत सुनवाई पूर्ण राजस्व ग्रामों के अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र को अंचल में उपलब्ध कराये जाने एवं रैयत के मध्य वितरीत किये जाने संबंधी समीक्षा। • असर्वेक्षित / टोपो भूमि के अद्यतन सर्वेक्षण क समीक्षा।
02.	01:30 बजे अपराह्न से 02:30 बजे अपराह्न तक।	भोजनावकाश
03.	02:30 बजे अपराह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक।	हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों से सम्बन्धित विषयों की समीक्षा।

1/123930/2024

04.	03:00 बजे अपराह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक।	बन्दोबस्त कार्यालयों की स्थापना एवं कार्यालय से संबंधित विषयों की समीक्षा।
05.	04:00 बजे अपराह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक।	अन्यान्य

अतः अनुरोध है कि कार्यक्रम के अनुसार प्रस्तुतीकरण एवं विशेष सर्वेक्षण कार्य की प्रगति संबंधी प्रतिवेदन के साथ बैठक में भाग लेने की कृपा करें।

इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

विश्वासभाजन

ह0/–
(जय सिंह)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

प्रतिलिपिः– सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मुख्यालय), बेगूसराय/खगड़िया/लखीसराय/जहानाबाद/किशनगंज/अररिया/कटिहार/पूर्णियाँ/सीतामढ़ी/सुपौल/सहरसा/मधेपुरा/प0चम्पारण/जमुई/मुंगेर/नालंदा/शिवहर/बांका/अरवल/शेखपुरा को उक्त बैठक में भाग लेने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– राज्य सूचना पदाधिकारी, NIC को सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि बैठक में किसी एक प्रतिनिधि को भाग लेने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाए।

प्रतिलिपिः– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग शाखा/विशेषज्ञ सलाहकार/संबंधित जिलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– श्री राकेश कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को बैठक चाय, पानी एवं खान–पान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– एन0कुमार एसोसिएट, RSTI पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ARAHAS Technology Pvt. Ltd. (Indo Enviro Integrated Solution Limited (IL&FS)), GISC, IIC के प्रतिनिधि को बैठक में भाग लेने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Signed by
Binod Kumar Pankaj
Date: 06-04-2024 13:30:05

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

B:\Dharmveer\Y- 2024\Mayur Ji\Director\file no_ 09_2022_02.03.2024.doc